सियाचिन में अपशिष्ट

drishtiias.com/hindi/printpdf/no-more-waste-mounds-on-siachen-glacier

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सेना ने बताया है कि जनवरी 2018 से अब तक सियाचिन ग्लेशियर (Siachen Glacier) से लगभग 130 टन अपशिष्ट को ऊँचाई वाले स्थान से नीचे लाकर उसका प्रबंधन किया गया है

प्रमुख बिंदु:

- सियाचिन ग्लेशियर (Siachen Glacier) पर अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित वर्ष 2018 की अधिसूचना के आधार पर सेना ने अपशिष्ट प्रबंधन को सैनिकों के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Procedure-SOP) का एक हिस्सा बना दिया है।
- अत्यधिक ऊँचाई और चरम मौसमी परिस्थितियों के कारण इस क्षेत्र में अपशिष्ट का निम्नीकरण शीघ्रता से नहीं हो पाता है साथ ही सैनिकों को अपशिष्ट को ऊँचाई वाले स्थान से नीचे लाने में भी कठिनाई होती है।
- वर्ष 1984 में ऑपरेशन मेघदूत (Operation Meghdoot) के बाद तहत इन क्षेत्रों पर भारत का आधिपत्य बना हुआ है। इस क्षेत्र मे मौज़ूद कुल लगभग 130 टन अपशिष्ट में से, 48.4 टन जैवनिम्नीकृत (Biodegradable), 40.32 टन गैर-जैवनिम्नीकृत (Non-Biodegradable) और 42.45 टन धातु तथा अधातु स्क्रैप है।

ऑपरेशन मेघदूत (Operation Meghdoot):

- ऑपरेशन मेघदूत भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन का कोड नाम था, जिसके तहत सियाचिन ग्लेशियर को पाकिस्तान के कब्ज़े से छुड़ाया गया था।
- 13 अप्रैल, 1984 को शुरू किये गए इस अभियान के तहत सियाचिन ग्लेशियर पर कब्ज़ा किया गया था। इस सैन्य

अभियान के तहत विश्व के सबसे ऊँचाई वाले स्थान पर युद्ध हुआ था।

तीनों प्रकार केअपशिष्टों का अलग-अलग तरीके से निपटान किया जाता है। जैवनिम्नीकृत अपशिष्ट को बैलिंग मशीनों (Baling Machines) का उपयोग करके डिब्बों और पैकेट मेंरोल किया जाएगा। गैर-जैवनिम्नीकृत, गैर-धातु अपशिष्टों के लिये सियाचिन बेस कैंप के आसपास 10,000 फीट की ऊंँचाई पर तीन इंसीनरेटर (Incinerator) स्थापित किये गए हैं।

बैलिंग मशीन (Baling machine):

- यह मशीन प्लास्टिक, कागज़, कार्डबोर्ड और एल्युमीनियम सहित विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के आकार को संकुचित करती है। संकुचित होने के बाद इन अपशिष्टों को पुनर्चक्रण हेतु ले जाने में आसानी होती है।
- इस मशीन के माध्यम से अपशिष्टों का त्वरित और कुशल उपयोग किया जाता है। दवा की दुकानों, गोदामों, उत्पादन इकाइयों, खरीदारी केंद्रों, पुनर्चक्रण संचालन और वितरण केंद्रों में इसका प्रयोग बहुत तेज़ी से हो रहा है।
- इस मशीन के प्रयोग से अपशिष्ट के पुनर्चक्रण और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने जैसे पर्यावरणीय लाभों के साथ ही अपशिष्ट संग्रहण की लागत भी कम हो जाती है तथा भंडारण क्षमता बढ़ जाती है।

इंसीनरेटर (Incinerator):

- इंसीनरेटर (Incinerator) एक अपशिष्ट उपचार प्रणाली है जिसमें अपशिष्ट पदार्थों में निहित कार्बनिक पदार्थों का दहन किया जाता है।
- इंसीनरेटर और अन्य उच्च तापमान अपशिष्ट उपचार प्रणालियों को थर्मल उपचार (Thermal Treatment) के रूप में वर्णित किया जाता है।
- इंसीनरेटर अपशिष्ट पदार्थों को राख और फ्लू गैसों (Flue Gas) में परिवर्तित कर देता है।
- इंसीनरेटर द्वारा अपशिष्टों के भस्मीकरण से उत्पन्न ऊष्मा का उपयोग विद्युत बनाने में किया जाता है।

स्रोत: द हिंदू